# बजट घोषणा 2016–17

| क्र.सं. | घोषणा संख्या | घोषणा |
|---|---|---|
| 1. | 138. | सवाई मानसिंह स्टेडियम, जयपुर में खिलाड़ियों के ठहरने की पर्याप्त सुविधा नहीं होने के कारण बहुमंजिलीय आधुनिक खेल भवन का निर्माण 10 करोड़ रुपये की लागत से करवाये जाने की मैं घोषणा करती हूँ। इस खेल भवन के निर्माण से लगभग 500 खिलाड़ियों के ठहरने की उच्चस्तरीय व्यवस्था की जा सकेगी। |
| 2. | 139. | प्रदेश में पहली बार राज्य स्तरीय वार्षिक खेल प्रतिभा खोज प्रतियोगिता आयोजित किये जाने की मैं घोषणा करती हूँ। राज्य स्तरीय खेलों में प्रदेश के सभी जिलों की भागीदारी होगी। यह प्रतियोगिता 14 खेलों के लिए जयपुर में आयोजित की जायेगी। इस हेतु 3 करोड़ 34 लाख रुपये का व्यय किया जायेगा। |
| 3. | 140. | राज्य स्तरीय खेल प्रतिभा खोज प्रतियोगिता के श्रेष्ठ खिलाड़ियों का ''खेल प्रतिभा खोज योजना'' के अनुसार वैज्ञानिक परीक्षण कर 14 से 18 वर्ष की आयु वर्ग के दसवीं से बारहवीं तक के विद्यार्थियों का चयन किया जायेगा। साथ ही इन खिलाड़ियों को एक वर्ष के लिए छात्रावृत्ति भी प्रदान की जायेगी। इस हेतु 3 करोड़ रुपये का व्यय किया जायेगा। |
| 4. | 141. | राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित खेल प्रतियोगिताओं में पदक जीतने वाले राज्य के खिलाड़ियो को, चयनित विभागों यथा गृह, खेल, शिक्षा, पर्यटन आदि में उपयुक्त स्तर पर out of turn सीधे आवेदन के आधार पर नियुक्ति प्रदान करने के संबंध में नीति लाये जाने की, मैं घोषणा करती हूँ। |
| 5. | 142. | पंचायत समिति बापिनी जिला जोधपुर, खींवसर जिला नागौर, सुन्हैल जिला झालावाड़, ग्राम भांकरवास जिला पाली एवं सीसवाली जिला बारां में indoor hall का निर्माण करवाया जायेगा। इस हेतु आगामी वर्ष में 4 करोड़ रुपये का प्रावधान किया जा रहा है। |
| 6. | 143. | राज्य के विभिन्न स्टेडियमों के निर्माण एवं मरम्मत कार्यों हेतु आगामी वर्ष में 17 करोड़ 41 लाख रुपये का प्रावधान किया जाना प्रस्तावित है। |
| 7. | 144. | राज्य में उच्चस्तरीय खेल सुविधाऐं विकसित करने के लिए निजी जनसहभागिता के आधार पर खेल अकादमियों की स्थापना हेतु योजना बनाई जायेगी। |
| 8. | 145. | गत् दो वर्षों में राज्य में 1 लाख 60 हजार से अधिक बालिकाओं को आत्मरक्षा प्रशिक्षण दिया गया है। इसकी लोकप्रियता को देखते हुए शिक्षा, गृह एवं महिला एवं बाल अधिकारिता विभागों के साथ समन्वय कर पूरे राज्य में आगामी 3 वर्ष में प्रतिवर्ष कक्षा 6 से 12 तक की 1 लाख 50 हजार बालिकाओं के लिए ''मुख्यमंत्री सक्षम बालिका योजना'' चलायी जायेगी। |
| 9. | 146. | कबड्डी एवं हॉकी खेलों में राज्यस्तर की टीम को बेहतर कोचिंग एवं सुविधाएं उपलब्ध करवाने हेतु मैं घोषणा करती हूँ कि इन खेलों में से एक–एक राज्यस्तरीय टीम को RIICO एवं RSMM Ltd. द्वारा sponsor किया जायेगा। |